
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 249 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
दिलो-दिमाग पर
पड़ा असर


देहरादून, शनिवार, 8 जनवरी 2022

# पेज थ्री





PAGE P3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 15.0° | न्यूनतम 6.0°

39243.39



2 मदद को पहुंचा आईएनएस-केसरी

7 टेस्ट मैच में भारत को मिली हार


# जन हित में लिए गये अनेक निर्णय

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास से महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम स्तर पर कार्यरत आंगनवाड़ी कार्मिकों को प्रोत्साहन एवं मानदेय धनराशि का एकसाथ ऑनलाइन डीबीटी हस्तान्तरण किया। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 33717 कार्मिकों को माह दिसम्बर हेतु देय लगभग 24 करोड़ रुपये मानदेय का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया। जिसमें 14495 आँगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को 9300 प्रति कार्मिक की दर से लगभग 13.48 करोड़ एवं 14265 आँगनवाड़ी सहायिकाओं को 5250 प्रति कार्मिक की दर से लगभग 7.5 करोड़ तथा 4957 मिनी कार्यकर्त्रियों को 6250 प्रति कार्मिक की दर से लगभग 3 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

## मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के अन्तर्गत 3067 लाभार्थियों को दी गई 92 लाख की धनराशि



मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी कार्मिकों को लगभग 24 करोड़ के मानदेय एवं 6.74 करोड़ के प्रोत्साहन राशि का डीबीटी के माध्यम से किया हस्तांतरण

कोरोना काल में आंगनवाड़ी कर्मियों द्वारा समर्पित भाव से किये गए कर्तव्य पालन के लिए प्रोत्साहन स्वरूप मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के क्रियान्वयन हेतु समस्त 33717 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों, मिनी कार्यकर्त्रियों एवं सहायिकाओं को रु0 2000/- प्रति कार्मिक की दर से कुल रु0 6.74 करोड़ का ऑनलाइन डीबीटी हस्तांतरण भी किया गया।

मुख्यमंत्री घोषणा के क्रम में फ्रंट लाइन वर्कर के रूप में आंगनवाड़ी कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका के दृष्टिगत कोविड 19 के बचाव एवं रोकथाम हेतु सराहनीय प्रयास करने वाली कार्यरत कार्यकर्त्रियों एवं सहायिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप 5 माह तक रु0 2000 प्रतिमाह धनराशि के भुगतान की घोषणा की गई थी। जिसका क्रियान्वयन करते हुए माह सितंबर की प्रोत्साहन राशि अक्टूबर में माह अक्टूबर की राशि नवंबर में, माह नवंबर की राशि दिसम्बर में तथा माह दिसम्बर की प्रोत्साहन राशि आज कार्यक्रम के दौरान हस्तांतरित की गई। इसी प्रकार माह जनवरी की धनराशि फरवरी में हस्तांतरित की जाएगी। डीबीटी के माध्यम से इस धनराशि का हस्तांतरण इंडसइंड बैंक के सहयोग से किया गया।

मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के अंतर्गत 3067 लाभार्थियों को रुपये 3000 प्रति लाभार्थी की दर से माह जनवरी हेतु कुल रूपये 92 लाख का ऑनलाइन डीबीटी हस्तान्तरण भी कार्यक्रम के दौरान किया गया।

### आँगनवाड़ी कार्मिकों को सर्वाधिक मानदेय

आंगनवाड़ी कार्मिक संगठनों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों, मिनी कार्यकर्त्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय में क्रमशः 1800, 1500 एवं 1500 की वृद्धि की गई है। जिसके पश्चात उत्तराखंड देश में आँगनवाड़ी कार्मिकों को सर्वाधिक मानदेय देने वाला तीसरा राज्य हो गया है।

### फ्रंट लाईन वर्कर को दी गई प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड काल में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में हर वर्ग के लोगों को राहत देने का कार्य किया गया। कोविड के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले फ्रंट लाईन वर्कर को प्रोत्साहन राशि भी दी गई। राज्य में सीमित संसाधन होने एवं कोविड के कारण राजस्व में वृद्धि न होने के बावजूद भी समाज के हर वर्ग को राहत देने के प्रयास किये गये हैं। लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से समय पर भुगतान किया जा रहा है। स्वास्थ्य, चिकित्सा, संस्कृति, परिवहन एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों की हर संभव मदद की गई। जन समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये गये। समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चलाई जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगोत्री सीट से चुनाव लड़ेंगे कर्नल अजय कोठियाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में 24 विधानसभाओं के लिए प्रत्याशियों के नाम जारी किए गए हैं। आप के वरिष्ठ नेता कर्नल अजय कोठियाल गंगोत्री विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे। इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर से आम आदमी पार्टी की ओर से गजेंद्र चौहान को प्रभारी नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

### दूसरे दिन भी इटली से लौटी फ्लाइट के 190 यात्री मिले कोरोना पाजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अमृतसर। अमृतसर के श्री गुरु रामदास अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर वीरवार को 125 यात्रियों के कोरोना पाजिटिव आने के बाद शुक्रवार को भी इटली से लौटे 175 यात्री संक्रमित मिलने से अफरा-तफरी का माहौल है। एयरपोर्ट पर हंगामा मच गया है।

# साझा टीम करेगी सुरक्षा में चूक पर जांच

## गृह मंत्रालय की टीम ने 4.5 घंटे की पंजाब पुलिस अफसरों से पूछताछ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

फिरोजपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में चूक की जांच के लिए फिरोजपुर पहुंची केंद्रीय गृह मंत्रालय की टीम ने शुक्रवार को एडीजीपी साइबर क्राइम नागेश्वर राव से 50 मिनट तक पूछताछ की।केंद्र की जांच टीम सुबह करीबन 10.20 पर फिरोजपुर के गांव प्यारेआना के उस फ्लाईओवर पर पहुंची, जहां बुधवार को किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काफिला रोका था। 40 मिनट तक चली जांच में अधिकारियों ने फ्लाईओवर के उन प्वाइंट की जांच की, जहां से किसान मुख्य मार्ग पर चढ़े थे। इसके बाद बीएसएफ हेडक्वार्टर फिरोजपुर में जांच टीम की सेक्रेटरी (सिक्योरिटी) कैबिनेट सेक्रेट्रीएट सुधीर कुमार सक्सेना लीड कर रहे थे।आइबी के ज्वाइंट डायरेक्टर बलबीर सिंह, एसपीजी के आइजी एस सुरेश टीम में शामिल थे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशों पर गठित कमेटी शुक्रवार को सुबह चार बजे बीएसएफ हेडक्वार्टर पहुंच गई थी। टीम ने नेशनल हाईवे सहित बीएसएफ, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ करीब 40 मिनट तक रोड के नक्शे को लेकर गहनता से जांच की। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने वायरल हुई वीडियो फुटेज और फोटो के आधार पर उस जगह की रेकी की, जिस जगह पीएम की गाड़ी खड़ी रही, उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था जांचने के बाद बुधवार को ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और मुलाजिमों से भी पूछताछ की गई। जांच टीम ने स्पाट साइट पर यह पता लगाने की कोशिश की आखिर किस रास्ते से प्रदर्शनकारी किसानों का काफिला पुल पर चढ़ा और कितनी दूरी तक जाम लगा रहा। टीम द्वारा किए जा रहे सवालों के जवाब देने में पुलिस अधिकारी भी नाकाम दिख रहे थे।

### पुलिस के 14 अधिकारी किए थे तलब

पीएम की सिक्योरिटी में सेंध के कारण पता करने के लिए जांच टीम ने पंजाब पुलिस के 14 अधिकारियों को बीएसएफ हेडक्वार्टर पहुंचने के निर्देश दिए थे। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय की टीम के सामने दस्तावेजों के साथ पेश हुए पुलिस अधिकारियों ने स्वयं को बचाने के लिए एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे। टीम सदस्यों ने पुलिस के आफिशियल से सभी डाक्यूमेंट लेकर उनकी रीडिंग शुरू कर दी है, ताकि सही निर्णय पर पहुंचा जा सके।

# हमने देशभर में एम्स का बड़ा नेटवर्क खड़ा किया: पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश ने पिछले 7 दशकों में जितने डॉक्टर बनाए गए थे, वह अकेले अगले दशक में स्वास्थ्य कर्मियों में जुड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र ने 2014 से देश में स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए मौजूदा 90,000 सीटों में 60,000 और मेडिकल सीटें जोड़ी हैं।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के दूसरे परिसर के उद्घाटन समारोह में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश ने पिछले 70 वर्षों में जितने डॉक्टरों का उत्पादन किया है वह आने वाले 10 वर्षों में ही कर दिया जाएगा। चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 60,000 और चिकित्सा सीटें जोड़ी हैं। 2014 तक देश में स्नातक और स्नातकोत्तर की मेडिकल सीटों की संख्या लगभग 90,000 थी। हमने पिछले 7 वर्षों में 60,000 नई सीटें जोड़ी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 में, भारत में केवल 6 एम्स थे। आज देश 22 एम्स के मजबूत नेटवर्क की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि देश आज एक साल से भी कम समय में 1.5 बिलियन कोरोना वैक्सीन देने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करेगा। उन्होंने कहा, देश ने नए साल की शुरुआत 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के टीकाकरण के साथ की थी। आज, साल के पहले महीने के पहले सप्ताह में, देश एक साल से भी कम समय में 1.5 बिलियन कोरोना वैक्सीन देने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रहा है। पीएम ने आगे कहा कि यह उपलब्धि भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

### उद्घाटन

■देश को 7 साल में स्नातक और स्नातकोत्तर की 60,000 मेडिकल सीटें मिली


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# ओमीक्रोन से ज्यादा संक्रामक होगा अगला वेरिएंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। कोरोना वायरस के अगले वेरिएंट को लेकर एक भारतीय मूल के ब्रिटिश वैज्ञानिक ने चेतावनी दी है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक प्रफेसर रवींद्र गुप्ता ने कहा कि ओमीक्रोन का कम आक्रामक होना अभी के लिए अच्छी खबर है लेकिन यह एक 'विकासवादी गलती' का नतीजा है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 बहुत प्रभावी तरीके से फैल रहा है और इसके हल्के होने की कोई वजह नहीं है जो यह संकेत देता है कि अगला स्वरूप अधिक संक्रामक हो सकता है।

भारत में ओमीक्रोन स्वरूप के असर पर प्रोफेसर गुप्ता ने कहा, 'भारत में डेल्टा संक्रमण के काफी मामले आए तो वहां कुछ प्रतिरक्षा बनी है। उन्होंने जो टीके बनाए हैं, वे बहुत अच्छे हैं। हम जानते हैं कि ओमीक्रोन पर टीकों का असर नहीं पड़ता है और तीसरी खुराक देना अनिवार्य है।' जब दुनिया के कई देशों में बूस्टर डोज दी जा रही है। वैज्ञानिक ने ब्रिटेन सरकार को सलाह दी कि टीकाकरण अभियान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह संक्रमण के खिलाफ बचाव का हमारा पहला हथियार है।

### भारत में तीसरी खुराक देना अनिवार्य है